तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024


10 मुठभेड़ में शहीद जवान बिरेंद्र कुमार सोरी को...



10 रासेयो ने नशामुक्ति के लिए निकाली रैली...





## खबर संक्षेप

### 80 डिसमिल खेत के मालिक के घर मिला 200 बोरा धान



**बकावंड।** क्षेत्र के ग्राम सरगीपाल में जिला प्रशासन के उड़न दस्ता दल ने अवैध रूप से भंडारित लगभग 200 बोरी धान को जब्त किया है। तहसीलदार नीतेश वर्मा के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक, मंडी निरीक्षक और पुलिस बल ने सरगीपाल के रवि बघेल के घर पर छापा मारकर अवैध रूप से भंडारित 200 बोरी धान बरामद किया। रवि बघेल के पास मात्र 80 डिसमिल कृषि भूमि है। इतनी कम जमीन में 200 बोरा धान की उपज प्राप्त नहीं हो सकती। वहीं धान के साथ तौल मशीन भी जप्त की गई है। बोरों के धान का सैंपल लिया गया तो अलग-अलग किस्म के धान मिले। तहसीलदार ने बताया कि धान का की किस्म और क्वालिटी अलग-अलग हैं। अब मंडी निरीक्षक मंडी अधिनियम के तहत करवाई करेंगे।

### आदिवासियों की हत्या नक्सलियों की साजिश : ठाकुर

**जगदलपुर ।** बस्तर संभाग में लगभग ढाई दशक से अंचल में



शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने का दावा करने वाले माओवादियों के चलते आदिवासियों के जीवन शैली पर असर पड़ रहा है। जहां एक ओर नक्सल उन्मूलन के नाम पर बेगुनाह आदिवासियों को फर्जी इनकाउंटर में मारा जा रहा और जेलों में भेजा जा रहा है वहीं दूसरी ओर बेगुनाह आदिवासियों की हत्या की जा रही है। सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने प्रेसनोट जारी करके उक्त बातें कहीं। पूर्व सरपंचों के हत्या की निंदा करते हुए सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस और नक्सलियों के चलते आदिवासियों के दैनिक जीवन शैली पर विपरीत असर पड़ रहा है। जहां एक ओर नक्सल उन्मूलन के नाम पर बेगुनाह आदिवासियों को फर्जी इनकाउंटर में मारा जा रहा और जेलों में भेजा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बस्तर संभाग में करीब ढाई दशक से शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने का दावा करने वाले माओवादियों के चलते आदिवासियों के जीवन शैली पर असर पड़ रहा है जिसकी सर्व आदिवासी समाज निंदा करता है। सर्व आदिवासी समाज ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि माओवादी संगठन द्वारा दीगर राजनीतिक संगठन के कार्यकताओं को निशाना बनाया जाना आदिवासी समाज के द्वंदात्मक बौद्धिक, राजनीतिक विकास में बाधा डालने जैसा कृत्य है। लगातार हो रही हत्याओं से आदिवासी समाज क्षुब्द है और ऐसी घटनाओं की निंदा करता है। प्रकाश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की हत्या से कोई क्रांति कैसे आ सकती है। मुखबिरी के नाम पर गरीबों के शोषण और अत्याचार में शामिल होने का आरोप लगा कर आदिवासियों की हत्या की जा रही है। अब किसी राजनीतिक संगठन से जुड़े होने का आरोप लगा कर आदिवासियों के खात्मे के दिशा में नक्सलियों की साजिश सामने आ रही है। नक्सल उन्मूलन व पुलिस मुखबरी का आरोप लगाकर आदिवासियों की हत्या पर रोक लगनी चाहिए।

### पेड़ से टकराया अनियंत्रित ट्रैक्टर, चालक की मौत

**जगदलपुर।** भानपुरी थाना क्षेत्र स्थित गोरस डोबरी जंगल मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के पेड़ से टकराने से चालक की मौत हो गई। भानपुरी पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम मुजला बाजारापारा निवासी युवक ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। तभी अनियंत्रित शेष पेज 10 पर

# महारानी अस्पताल को मिला स्वच्छ अस्पताल योजनातंर्गत कायाकल्प पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अंतर्गत कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 17 जिला अस्पतालों में 44 सिविल अस्पताल, 49 शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 308 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 933 आयुष आरोग्य मंदिर का कायाकल्प मूल्याकंन किया गया। जिसमें जिला अस्पताल की सूची में शहर का महारानी जिला अस्पताल पूर्व वर्ष प्रथम स्थान पर एवं लगातार दूसरे वर्ष भी स्वच्छता और स्वच्छता के उच्च मानकों के लिये सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं अंतर्गत श्रेणी में मानको की निरंतरता बनाये रखने में खरा उतरा है। यह अस्पताल कायाकल्प पुरस्कार में राज्य स्तर के समारोह में सम्मानित किए जाने हेतु चुना गया है। पूर्व वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त करने के कारण एवं कायाकल्प योजना के नियमानुसार प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने के 3 वर्षों तक अन्य अस्पतालों को योजना में अवसर प्रदाय किया जाता है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल के 17 विभागों को 12 जुलाई 2023 से 11 जुलाई 2026 तक मान्यत्ता प्राप्त है। इस योजना के तहत दिल्ली से 3 वरिष्ट राष्ट्रीय मूल्यांकनकत्ताओं द्वारा चिकित्सालय में 3 दिवस तक निरीक्षण किया गया था। जिला चिकित्सालय महारानी अस्पताल जगदलपुर में उच्च श्रेणी की गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु रवास्थ्य सुविधाएं शेष पेज 10 पर

## स्वच्छता के उच्च मानकों के लिए मापदंडों में खरा उतरा हास्पिटल

### टीम वर्क से हासिल की उपलब्धि

अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि कायाकल्प की तैयारी हमने सतत पूर्व से ही आरंभ कर दी थी, इसमें मूल्यांकन की प्रक्रिया 3 चरणों मे होती है। सर्वप्रथम अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम बनाई, जिसमें चिकित्सकों प्रभारी इंचार्ज सिस्टर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अहम भूमिका निभाई। साथ ही सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को भी जिम्मेदारियां दी गई, यह एक सतत प्रक्रिया है जो टीम वर्क से ही पूर्ण हो पाई है।



### स्वच्छ स्वस्थ मेरा अस्पताल

मेरा अस्पताल पहल की शुरूआत अस्पताल में दी जाने वाली सेवाओं के बारे में मरीजों की प्रतिक्रियाओं को जानने और उसके अनुरूप सुधारात्मक उपाय कर सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए की गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने केंद्रीय पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से स्वच्छ स्वस्थ सर्वत्र कार्यक्रम की शुरूआत की है। चिकित्सालय आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदाय करने हेतु पहल किया गया है।

## मुठभेड़ : भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद


# करकनगुड़ा और भीमापुरम के जंगल में पुलिस व नक्सलियों में हुई मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- पुलिस का दबाव बढ़ने पर जंगल-पहाड़ की आड़ लेकर भागे नक्सली

जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के करकनगुड़ा और भीमापुरम के जंगल में हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। दोनों ओर से लगभग 20-25 मिनट तक फायरिंग चली। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सर्च करने पर मौके से नक्सलियों द्वारा छुपाकर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नए पुलिस कैंप से बुधवार को सीआरपीएफ 223वीं वाहिनी, 206 कोबरा वाहिनी एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भीमापुरम, करकनगुड़ा व रायगुड़ेम व आस-पास जंगल क्षेत्र मे रवाना हुई थी। इस दौरान दोपहर करीब 1.15 बजे ग्राम करकनगुड़ा, भीमापुरम के पास पीएलजीए बटालियन के सशस्त्र माओवादी एवं जगरगुण्डा एरिया कमेटी के नक्सलियों के द्वारा पूर्व से घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग किया गया। जिस पर सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग किया गया।



### विस्फोटक सामग्री बरामद

मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर सुरक्षाबलों को काला कपड़ा 6 मीटर, काला बटन 400 नग, सफेद बटन 300 नग, पैंट हुक 600 , काला सिलाई धागा 110 रोल, कम्बेड कपड़ा कटिंग अवशेष, सेल (बैटरी) 4 , सफेद पैंट रबड़ इलास्टिक 1 रोल 40 मीटर, काला पोच रोल एराड 50 मीटर, काला चैन पैंट 5 मीटर, काला पैंट 1 नग, पिठ्ठू व लाल कपड़ा 1 , मोबाइल पोच (कम्बेड) कपड़ा 1 , पानी बाटल कवर (कम्बेड) 1 , हाथ घड़ी (डिजीटल) 1 , बम फटाका 5 , सुजा 1 , नायलोन वायर 1 बंडल, तीर- धनुष 3 सेनेटाइजर बाटल 1 , 1.5 एमएम बिजली वायर 20 मीटर, टार्च लाइट 1 , 2 एमएम बीजरी वायर 20 मीटर, घड़ी बैटरी (पैनासोनिक 1.5 वाट) 10 , इंज डेरिथिलिन 23 , प्राथमिक उपचार किट 2 , ऑपरेशन सिरिंज 1 , पोविडोन लोडाइन मरहम 1 , स्टील बाक्स (फास्टटेड) 2 , चारजिंग वायर सोलर 1 , मोबाइल चार्जर 1 नग, हेड फोन 1 , हेड फोन वायरलेस निक बेंड 1 नग, स्टील केबल 3 , दवाइयां 11 , एमसील 2 , कपड़ा धोने का साबुन 10 , नहाने का साबुन 10 , इन्फयुलेशन (स्टाराईम) 33 , नक्सली साहित्य बुक 51 , नक्सली पर्चा, पीएलजीए लाल झंण्डा 1 , लाल बैनर 2 पीएलजीए स्टील सिम्बोल बड़ा 2 नग बरामद हुआ है।

# 1 महिला सहित 7 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- आत्मसमर्पित नक्सली थाना चिंतलनार, कोन्टा, कुकानार एवं गोलापल्ली क्षेत्र के हैं निवासी

जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव से नक्सली संगठन को लगातार झटका लग रहा है। बड़ी संख्या में नक्सली पुलिस के सामने सरेंडर कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को एक महिला समेत 7 नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के सरेंडर कर दिया है। इस दौरान सीआरपीएफ 217 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी विरेन्द्र कुमार, सीआरपीएफ 227 वाहिनी के सहायक शेष पेज 10 पर

### इन्होंने किया सरेंडर

नक्सली संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहे 7 नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की इच्छा जताई है। साथ ही माओवादी संगठन पर भेदभाव और अत्याचार करने का आरोप भी लगाया है। सरेंडर करने वालों में मेहता आरपीसी के मिलिशिया सदस्य माड़वी राजू, माड़वी देवा सुन्नम वेंकटेश, कवासी हड़मा, सोड़ी गंगा, मंडीमरका आरपीसी में मेडिकल सदस्य सोड़ी सुखमती और जोन्नागुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस ओयम एंका ने सरेंडर किया। सोड़ी सुखमती एवं ओयम एंका को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 74 वाहिनी सीआरपीएफ जवानों की भूमिका रही। वहीं नक्सली माड़वी राजू, माड़वी देवा एवं सुन्नम वेंकटेश को आत्मसमर्पण के लिए 217 वाहिनी सीआरपीएफ और नक्सली कवासी हड़मा को आत्मसमर्पण के लिए 227 वाहिनी सीआरपीएफ के जवानों ने प्रोत्साहित किया।

# सीएमएचओ ने 3 स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कर्मचारियों के कार्य में सुधार करें- डॉ. बसाक

जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सही क्रियान्वयन और कसावट लाने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने गुरुवार को पी ए च सी कुम्हरावंड, पीएचसी तितिरगांव, पीएससी कचनार और सीएचसी बकावंड का औचक निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम पीएचसी कुमरावड में सेक्टर प्रभारी और नोडल अधिकारी (आईडीएसपी) डॉ. वीरेंद्र ठाकुर की मौजूदगी में उपस्थिति पंजी की जांच की गई। सभी कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी आने और सर्वप्रथम उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने की हिदायत दी गई। पीएचसी कुम्हरावंड में प्रभारी आरएमए रीना जोगी के साथ आयुष चिकित्सक डॉ. श्रीमती धुर्वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ शामिल रहे। साथ ही पीएससी तितिरगांव का निरीक्षण करते हुए कार्य में आवश्यक सुधार हेतु सुझाव दिए गए। पीएससी में पदस्थ आरएमए सविता देवांगन के साथ सभी कर्मचारी पहुंचे। सीएचसी बकावंड शेष पेज 10 पर




# ठेकेदारों की मनमानी से 22 पुलों का निर्माण अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- टेंडर का समय सीमा समाप्त होने पर भी नहीं पूरे हो सके पुल

बस्तर संभाग के सातों जिलों में ग्रामीणों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग की ओर से सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 22 पुल का निर्माण किया जा रहा है। सुकमा जिले के शबरी नदी पर कोंटा के पास मोटू मार्ग में पुल निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसका पहुंचमार्ग निर्माणाधीन है। चिंताबागु नदी में पामेड़ से धरमावरम, मलकेर नदी में चिन्नापारा से हितमा, इंद्रावती नदी में बिंता से सतसपुर, धरमबेड़ा सहित क्षेत्र में पुल का निर्माण किया जा रहा है। बिन्ता-सतसपुर से धरमावरम भेजा, ककनार, पालम, कुदूर, चंदेला, इमलीधर आदि गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इन्द्रावती नदी में पुल बनने से राहत मिलेगी। साथ ही ठेकेदारों की मनमानी से तय सीमा होने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका।



### ठेकेदारों को दिए निर्देश

*लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण जगदलपुर के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने बताया कि पुल निर्माण कार्य के ठेकेदारों को पूरा करने का निर्देश दिया गया है।*

# सरकार के एक साल पूरे होने पर 13 को मनाएंगे विजय पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- जनता का आभार मानकर करेंगें अभिनंदन
- प्रदेश अध्यक्ष ने कहा प्रेसवार्ता कर मोदी की गारंटी और साय के सुशासन को बताएंगे

3 दिसम्बर को जनादेश दिवस मनाने के बाद 13 दिसम्बर को पूरे प्रदेश में भाजपा विजय पर्व मनाएगी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी की गांरटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन को पार्टी के नेता जनता को बताएंगे। 3 दिसम्बर को प्रदेश की जनता ने पार्टी पर विश्वास कर 54 विधायक दिये थे। वहीं 13 दिसम्बर को सरकार का शपथ ग्रहण हुआ था। इसलिए जनता की सरकार जनता के लिए कार्य करने का जो वचन पूरा किया गया उसे प्रेसवार्ता कर हमारे नेता गिनाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने हरिभूमि के चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के एक साल में हमारी सरकार ने सुशासन लाने के लिए जो वचन दिया था उसे धरातल पर उतारा है। महतारी वंदन योजना, 3100 सौ में धान खरीदी, किसानों को दो साल का बकाया बोनस का भुगतान, तेंदूपत्ता का दर 4000 से 5500 करना, गुड गर्वनेंस के तहत विकास कार्यों को पूरा करना, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में 843000 में से 550000 आवास की स्वीकृति देकर कार्य शुरू करना जैसे कई कार्य सरकार ने एक साल में पूरे किये हैं। उन्होंने कहा की संभवत 13 दिसम्बर को गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आ सकते हैं इसलिए सरकार के एक साल पूरे होने शेष पेज 10 पर

## जिला चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी ने संगठन चुनाव तैयारियों की समीक्षा की

# संगठन को और अधिक सशक्त बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- चुनाव को लेकर कार्यशाला आयोजित
- पूर्व जिला अध्यक्ष राधेकृष्ण पाण्डेय दी गयी श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो रही है। भाजपा जिला कार्यालय में संगठन चुनाव हेतु कार्यालय का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव उपस्थित थे। कार्यशाला में जिला संगठन चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी ने संगठन चुनाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी व तैयारियों की समीक्षा की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव कहा कि संगठन चुनाव अत्यन्त महत्वपूर्ण है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तय समय पर संगठन चुनाव पूरे हो। संगठन को और अधिक सशक्त बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिये। जिला संगठन चुनाव अधिकारी विक्रम उसेण्डी ने कहा कि बूथ समितियों का गठन शीघ्र पूर्ण करें। मण्डल अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष के चुनाव निर्धारित कार्यक्रम अनुरूप क्रमानुसार तय समय पर होंगे। जिसके लिये सभी तैयारियां पूर्ण करें।



भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कार्यशाला में संगठन चुनाव के कार्यक्रम व तैयारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह व आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय ने किया। कार्यशाला के समापन में दिवंगत पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राधे कृष्ण पाण्डेय को दो मिनट का मौन धारण कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रंद्धाजलि अर्पित की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला प्रभारी वेंकट, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओछा, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, मनीराम कश्यप, वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, संजय पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही,नरसिंह राव, धनुर्जय कश्यप, टेकेश्वरी मण्डावी, जानकी राव आदि सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की सामान्य सभा होगी 20 को

**कोण्डागांव।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत वार्षिक सामान्य सभा की बैठक आयोजन 20 दिसंबर को निर्धारित किया गया है। उक्त बैठक में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डगांव के द्वारा किये जाने वाले कार्यों का एजेंडा एवं सोसायटी के सफल संचालन के संबंध में चर्चा किया जाएगा। इसका आयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया है। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोण्डागांव के सभी सदस्यों को 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे उपस्थित होने की अपील की गई है।

### डिस्ट्रिक रिसोर्स पर्सन पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** केन्द्र सरकार द्वारा सूक्ष्म उद्यमों को साझा सेवाओं के लाभ लेने हेतु कृषक उत्पादक संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों, उत्पाद सहकारिताओं तथा सहकारी समितियों को उनकी सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित है। इस योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित इच्छुक व्यक्तियों का प्रकरण तैयार करने के लिए डिस्ट्रिक रिसोर्स पर्सन नियुक्त किया जाना है। योजनांतर्गत डिस्ट्रिक रिसोर्स पर्सन पद के लिए जिले के स्नातक, बैंक मित्र, रिटायर पर्सन, वित्तीय सलाहकार जैसे लोग नियुक्त किये जायेंगे। इच्छुक व्यक्ति अपनी आवश्यक दस्तावेज मार्कशीट, आधार कार्ड, बैंक पास बुक फोटोकापी के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सुमति कॉम्पलेक्स डी.एन.के. कॉलोनी पशु चिकित्सालय के सामने कोण्डागांव में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

# मुठभेड़ में शहीद जवान बिरेंद्र कुमार सोरी को दिया गया गार्ड आफ आनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए जवान प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी को गुरुवार को अंतिम सलामी दी गई। नारायणपुर डीआरजी के बहादुर बेटे के शौर्य को नमन करने काफी संख्या में लोग पहुंचे। गृहग्राम भरीमपानी नरहरपुर, जिला कांकेर में शाम को अंत्येष्टि कार्यक्रम हुआ। इसके पहले घटनास्थल से हेलीकॉप्टर की मदद से विभाग की टीम ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को जिला अस्पताल ले गई। वहां पर शहीद को गार्ड आफ आनर दिया गया।

जानकारी के अनुसार नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर डीआरजी तथा बीएसएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ इलाके के पुलिस स्टेशन सोनपुर और कोहकामेटा सीमावर्ती क्षेत्र के लिए रवाना हुई थी।

बुधवार को दोपहर 1 बजे से संयुक्त सुरक्षाबलों की टीम और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर फायरिंग होने लगी। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों से भीषण लड़ाई लड़ते हुए डीआरजी नारायणपुर के प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार सोरी मौके पर ही शहीद हो गए। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जवान बिरेन्द्र कुमार सोरी के शहीद होने के बाद नक्सली उनका हथियार लूट कर ले गए। बिरेंद्र कुमार सोरी के पास एके 47 हथियार थी, जिसे नक्सलियों ने लूट लिया। इस बात की पुष्टि बस्तर आईजी पी सुंदर राज ने की है।

## गृहग्राम भरीमपानी नरहरपुर कांकेर में हुआ अंतिम संस्कार






### 2018 में प्रधान आरक्षक के पद पर हुए थे पदोन्नत

शहीद जवान बिरेंद्र कुमार सोरी 2010 में नारायणपुर जिला बल में आरक्षक के पद में भर्ती हुए थे। सन 2018 में नक्सल ऑपरेशन में वीरतापूर्ण कार्य के लिए क्रम से पूर्व प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे। शहीद जवान के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय लाया गया। जहां पर शहीद डीआरजी के हेड कांस्टेबल सोरी को पुलिस लाइन में अंतिम सलामी दी गई।

## अपराध : धान मिंजाई के बाद आधी रात शराब पार्टी कर रही पत्नी को डांटा

# शराब पीने को लेकर हुए विवाद पर पड़ोसी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना उरंदाबेड़ा अंतर्गत ग्राम कुलानार में धान मिंजाई के बाद आयोजित पार्टी के दौरान शराब पीने को लेकर हुए विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। पड़ोसी सगाराम मण्डावी ने मंशाराम नेताम की पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे में हत्या करने वाले को भेजा गया जेल

पुलिस के अनुसार 3 दिसंबर को रात करीब 9:30 बजे मंशाराम नेताम की पत्नी सगनी बाई नेताम पड़ोसी सगाराम मण्डावी के घर धान मिंजाई के बाद पार्टी में गई थीं। देर रात तक पत्नी के घर न लौटने पर मंशाराम उसे बुलाने वहां पहुंचा। उसने अपनी पत्नी और आरोपी को शराब पीते देखा, जिस पर उसने दोनों को डांटा और गाली–गलौज की। इस पर नाराज होकर सगाराम मण्डावी ने मंशाराम को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। लात–घूंसे व मुक्कों से उसकी पिटाई कर दी। इस हमले से मंशाराम गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। आरोपी ने उसे उसके घर में छोड़ दिया लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।



### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

मंशाराम की पत्नी की शिकायत पर थाना उरंदाबेड़ा में अपराध क्रमांक 12/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र पटेल और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अनिल विश्वकर्मा के निर्देशन में जांच की गई। घटना स्थल से खून सनी मिट्टी और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए। आरोपी सगाराम मण्डावी 45 वर्ष को 4 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

### ससुर निकला दामाद का हत्यारा

**सुकमा।** दोरनापाल निवासी दीपक सिंह के साथ मारपीट और इलाज के दौरान मौत के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। सुसर मड़कम राजा ही दीपक सिंह का हत्यारा निकला। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया जहां से उसे जेल सुकमा में भेजा गया। इस मामले को सुलझाने में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दोरनापाल निशांत पाठक के साथ थाना प्रभारी दोरनापाल शशिकान्त सिन्हा एवं थाना स्टाफ का सहयोग रहा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दीपक की पत्नी पुजा मड़कम ने 1 नवंबर की रात को दोरनापाल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि रात करीब 7-8 बजे के मध्य किसी अज्ञात हमलावर ने उसके पति दीपक सिंह पर डण्डे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसके पति बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास के लोगो से सूचना मिलने के बाद घायल को इलाज हेतु पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई। प्रार्थिया पूजा मड़कम की रिपोर्ट पर दोरनापाल थाने में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। दोरनापाल पुलिस द्वारा सीसीटीव्ही फूटेज, गवाहों एवं अन्य तकनीकी साधन से आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के अनुसार बेटी-नातिन के साथ हो रहे पारिवारिक हिंसा से परेशान था। इसलिए हत्या करने का प्लान बनाया।



# रासेयो ने नशामुक्ति के लिए निकाली रैली ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना अध्ययन इकाई चिपावंड द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन नशामुक्ति रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। यह शिविर डॉ. डी.एल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक, शशि भूषण कन्नौजे जिला संगठक और प्राचार्य चंद्रेश कुमार चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को न केवल ग्रामीण विकास कार्योंर् में व्यस्त रखा गया, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए योगाभ्यास भी कराया गया। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम–विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम, वृक्षासन, चक्रासन और अन्य योगासन सीखे। इसके साथ ही कराटे और पीटी का भी प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान गांव में कई विकासात्मक कार्य किए गए। इनमें तालाब और नालियों की सफाई, सड़क मरम्मत, शाला परिसर, पंचायत भवन और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास स्वच्छता अभियान प्रमुख रहे। इसके अलावा, नलों के पास सोख्ता गड्ढों की मरम्मत का भी कार्य किया गया। शिविर में विभिन्न विषयों पर बौद्धिक चर्चाएं आयोजित की गईं। स्वास्थ्य, शिक्षा, नशामुक्त समाज, बाल सुरक्षा, पशुधन और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। साथ ही स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार रखे। गांव में एक नशा मुक्ति रैली निकाली गई, जिसमें स्कूली बच्चे, युवा और ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। रैली ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जागरुकता सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वच्छता, शिक्षा, अंधविश्वास, नशा मुक्ति, बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसे गंभीर विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया गया। इन प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों के बीच सामाजिक सुधार की भावना को मजबूत किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आर.के. जैन पूर्व जिला संगठक ने कार्यक्रम की सराहना की। विशेष अतिथि जयसिंह सोरी सरपंच ने शिविर को ग्रामीण विकास और जागरूकता के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य चंद्रेश कुमार चतुर्वेदी ने की। ग्रामीणों और स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयासों से यह शिविर न केवल विकास कार्योंर् में मील का पत्थर साबित हुआ बल्कि सामाजिक सुधार और जागरूकता का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रसारित करने में सफल रहा।



**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर मोहन लाल बोगा कार्यक्रम अधिकारी, जगदीश नेताम, संतुराम नेताम, सालिकराम नाग, सोमनाथ नेताम, सरोजनी ध्रुव, यमुना मरकाम और अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।

# विष्णु के सुशासन में आत्मनिर्भर हो रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर होकर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर आगे बढ़ रही हैं। राज्य शासन महिलाओं के हित के लिए दृढ़संकल्पित है। शासन की योजनाओं से उन्हें आत्मसम्मान के साथ हर क्षेत्र में जीवन आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। आज महिलाएं आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाते हुए स्वयं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन में भी सहयोग कर रही हैं।

- महतारी वंदन योजना से फुलेश्वरी को बच्चों की पढ़ाई में मिल रही मदद

महतारी वंदन योजना जिले की कई महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। पहले घर–परिवार का गुजारा पति की कमाई से होता था और अपने छोटे छोटे जरूरतों की पूर्ति के लिए भी उन्हें निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब शासन की योजनाओं से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं बल्कि परिवार चलाने में भी आर्थिक सहयोग कर रही हैं। ग्राम बनियागांव की रहने वाली फुलेश्वरी दीवान जैसे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में यह योजना सकारात्मक एवं सुखद बदलाव ला रही है। फुलेश्वरी ने बताया कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली हर महीने की राशि उनके परिवार के खर्चों के वहन में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि उनके दो बच्चे हैं, बेटी कक्षा 8वीं में पढ़ती हैं और बेटा कक्षा 02 में है। उनके पति खेती के साथ–साथ मिस्त्री का काम भी करते हैं। जिससे परिवार का पालन–पोषण होता है। हालांकि दो बच्चों की पढ़ाई और अन्य खर्चोंर् को लेकर अक्सर उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मिलने वाली राशि परिवार के सहारा



ऐसे में महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह मिलने वाली एक हजार रुपए की राशि उनके परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बनी है। इस योजना ने न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया है, बल्कि फुलेश्वरी में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। हर महीने मिलने वाली इस राशि से परिवार चलाने के लिए आर्थिक भार को कम करने में काफी हद तक राहत मिली है। जिससे उनका परिवार पहले से बेहतर तरीके से जीवनयापन कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को हर महीने मिल रही सहायता राशि के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से परिवार की बेहतर देखभाल और बच्चों की शिक्षा में भी मदद मिल रही है।

# जिला अस्पताल में नारायण सेवा समिति ने किया भोजन वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में नारायण सेवा समिति के द्वारा एक विशेष भोजन वितरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अबूझमाड़ के नक्सल प्रभावित सुदूर क्षेत्रों से उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों को राहत प्रदान कर रहा है। अभियान 23 मई 2024 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन आरंभ किया गया था और तब से यह निरंतर जारी है। समिति के लगभग 20 से 25 सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। भोजन वितरण हर दिन दो समय, दोपहर 12 बजे और शाम 7 बजे किया जाता है। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष ने कहा, हमारा उद्देश्य मरीजों के परिजनों को राहत देना है, जो सुदूर इलाकों से यहां आकर ठहरते हैं और भोजन की कमी से जूझते हैं। यह अभियान हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व का हिस्सा है। अस्पताल में आए मरीजों के परिजनों ने समिति की इस पहल की सराहना की है। एक लाभार्थी ने बताया, यह भोजन सेवा हमारे लिए बहुत मददगार है। हम दूर-दराज से आते हैं और अस्पताल में रुकते समय भोजन की व्यवस्था एक बड़ी समस्या थी। नारायण सेवा समिति का यह प्रयास समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। स्थानीय प्रशासन ने भी इस पहल की प्रशंसा की है और इसे एक अनुकरणीय कदम बताया है। समिति ने आगे भी इस सेवा को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है और अन्य संस्थाओं एवं लोगो से भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग की अपील की है।

# पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने किसानों से की चर्चा समस्याओं को लेकर भाजपा पर साधा निशाना

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कोंडागांव जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने बम्हनी, गोलावंड, मुनगापदर, सोनाबाल, दहीकोंगा और बनियागांव में किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को समझा और समर्थन का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि किसानों के साथ हो रहा छलावा कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपये का समर्थन मूल्य देने का वादा किया था, लेकिन उन्हें केवल 2300 रुपये मिल रहे हैं। किसानों की भूमि रकबा में कटौती की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि कई किसान, जो वर्षों से पंजीकरण कर धान बेच रहे हैं, उन्हें मात्र 10–15 क्विंटल तक का रकबा दिया गया है। इसके चलते किसानों को तहसील कार्यालय और पटवारी के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### महारानी अस्पताल को...

हेतु उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय रतर के मापदंड लक्ष्य एवं मुस्कान योजनांतर्गत मान्यता प्राप्त है। कायाकल्प योजना उप-विभागीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के तहत स्वास्थ्य तथा कल्याण केंद्र जिन्होंने उच्च स्तर की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं संक्रमण पर नियंत्रण पाया है, उन्हें इन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। इसका उद्देश्य ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रोत्साहित कर उनकी पहचान करना जो कि स्वच्छता और संक्रमण पर नियंत्रण के लिये मानक प्रोटोकॉल का पालन कर अनुकरणीय कार्य करना हैं। साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वच्छता, साफ-सफाई और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को बढ़ावा देना है। स्वच्छता और साफ-सफाई से संबंधित प्रदर्शन के सतत मूल्यांकन और सहकर्मी समीक्षा की संस्कृति विकसित करना। सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों से जुड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार से संबंधित स्थायी प्रथाओं के निर्माण और उन्हें साझा करना।

### 1 महिला सहित...

कमाण्डेन्ट रवि कुमार, सीआरपीएफ 74वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट जयसिंह राजपुरोहित एवं सुकमा नक्सल सेल प्रभारी निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत मौजूद रहे। उक्त आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराया जाएगा।

### सीएमएचओ ने...

के अधीन पीएससी कचनार का निरीक्षण सीएमएचओ द्वारा किया गया, वहां पर डॉ. सी. मैत्री डीआईओ द्वारा वैक्सीन रूम की जांच टीकों के रख-रखाव की जानकारी ली। नेत्र रोग के प्रगति की जानकारी लेने पर नेत्र सहायक अधिकारी का मेडिकल कॉलेज में संलग्न होना बताया गया और पीएससी में पदस्थ दोनों ही आरएमए ट्रेनिंग में बकावंड जाना बताया गया। निरीक्षण में अंतिम पड़ाव में सीएमएचओ सीएससी बकावंड पहुंचे, जहां पर निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का प्रशिक्षण जारी था। प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी कुष्ठ रोग डॉ. विरेंद्र ठाकुर द्वारा बकावंड ब्लॉक से लगे ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र में कुष्ठ रोगियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए सूक्ष्मता से सर्वेक्षण पूर्ण करने की बात बताई गई। डॉक्टर मैत्री द्वारा मलेरिया, टीबी, वयोवृद्ध जन से संबंधित रोगों की जानकारी दी गई। बीएमओ डॉ. हरीश मरकाम, बीपीएम संतोष सिंह, आरएमए, सुपरवाइजर और आरएचओ शामिल रहे।

### सरकार के एक...

के उपलक्ष्य मे पूरे राज्य में विजय पर्व मनाकर जनता का आभार व्यक्त किया जाएगा। मंत्री विधायक सहित संगठन के सभी नेता पूरे प्रदेश में इस दौरान जनता का आभार मानते हुए अभिनंदन करेंगे।

### पेड़ से टकराया...

होकर वह पेड़ से टकरा गया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भानपुरी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि 4 दिसम्बर को पवन नायक ग्राम कोरमेल से गोडियापाल की ओर स्वयं ट्रैक्टर चलाते हुए जा रहा था जैसे ही पवन ट्रैक्टर लेकर गोरस डोबरी जंगल मोड़ के करीब वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पेड़ से जा टकराया। हादसे में पवन नायक ट्रैक्टर से दूर जा गिरा, जिससे सिर, सीना में अंदरूनी चोट आने से घटनास्थल में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई राजेश नायक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उसका भाई 19 नवंबर को ग्राम मुंजला से गोडियापाल जाने की बात कहते हुए बडी बहन सुनीता के घर चला गया था। वह 4 दिसम्बर को बिना नंबर की ट्रैक्टर को लेकर कोरमेल से गोडियापाल की ओर आ रहा था तभी हादसा हो गया। मौके पर पहुंची भानपुरी पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर शव पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच कर रही है।

# चिराग परियोजना अंतर्गत उद्यानिकी गतिविधियों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखण्ड माकड़ी एवं बड़ेराजपुर के चिन्हित ग्राम में से निहित ग्राम टेंवसा, कोगेरा, कलगांव एवं खजरावंड में चिराग परियोजना अन्तर्गत एक दिवसीय कृषक परिवार प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 225 कृषक परिवार सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में पोषण एवं बागवानी क्रियाकलाप के घटक पोषण, व्यक्तिगत बाड़ी, बाड़ी फेंसिंग, ग्रेवेटि ड्रीप, बाड़ी फसल प्रदर्शन तथा सामुदायिक बाड़ी में की जाने वाली उद्यानिकी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

- 225 कृषक परिवार के सदस्य हुए शामिल

साथ ही प्रशिक्षण में घटकों के अन्तर्गत प्रावधानित अनुदान सहायता राशि के बारे में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी गई। कृषक परिवार सदस्यों को बताया गया कि प्रावधानित अनुदान राशि विभिन्न घटकों में उपयोग लाये जाने वाली आदान सामाग्री का क्रय कृषक द्वारा स्वयं की जावेगी। अनुदान राशि क्रय सामाग्री उपयोग एवं भौतिक सत्यापन के बाद अनुदान की राशि कृषक के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम टेंवसा एवं खजरावंड में उपस्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बोरगांव के वैज्ञानिक डॉ. सुरेश मरकाम द्वारा जैविक खेती, बीजोपचार, वार्षिक बाड़ी, खेती प्रणाली तथा समन्वित कृषि प्रणाली पर विस्तृत तकनीकी जानकारी दी गई। मौके पर विभागीय अधिकारी–कर्मचारी के अलावा विमल कुमार गौतम, सहायक संचालक उद्यान, कोण्डागांव, उपस्थित रहे।





# प्रधानमंत्री आवास योजना से सुकालु राम के घर लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबके लिए आवास' के उद्देश्य को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना से ग्रामीण क्षेत्रें में निवासरत कई ग्रामीणों के पक्के मकान का सपना सच हो रहा है। यह योजना जरूरतमंद परिवारों को न केवल सुरक्षित घर उपलब्ध करा रही है बल्कि इससे हितग्राही सम्मानपूर्वक और बेहतर जिंदगी जी रहे हैं। कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत सातगांव के रहने वाले सुकालु राम पांडे को पक्का आवास मिलने से उनकी जिंदगी पहले से बेहतर हुई है। अब वे पूरे सम्मान के साथ अपने स्वयं के पक्का मकान में रहते हैं और अपने परिवार के साथ सुकून से जीवनयापन कर रहे हैं। सुकालु राम पांडे ने बताया कि पहले उनके परिवार की जिंदगी मिट्टी से बने और खपरैल वाले घर में बीत रही थी। मिट्टी के घर होने के कारण बरसात के दिनों में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इससे घर में सीलन की समस्या तो होती ही थी साथ ही खपरैल छत में पानी टपकने की समस्या से भी जूझना पड़ता है। ऐसे में उन्हें अपने परिवार के लिए एक पक्के मकान की जरूरत महसूस होती थी। लेकिन खेती किसानी से प्राप्त आय से उनके पक्के मकान का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। ऐसी परिस्थिति में सुकालु राम के पक्का आवास के सपनों को पूरा करने में प्रधानमंत्री आवास योजना एक वरदान साबित हुई। इस योजना के तहत आज वे अपने परिवार में पत्नि और दो बच्चों के साथ सम्मानपूर्वक जीविकोपार्जन कर रहे हैं। उनके पक्के मकान में परिवार के सदस्यों को सुरक्षित वातावरण मिला है, जिससे वे पहले से बेहतर तरीके से सुकून के साथ रह रहे हैं।

- पहले मिट्टी का घर होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था
- महतारी वंदन योजना की राशि से घर की छोटी–छोटी जरुरतों के खर्चे में मिल रही सहायता

### महतारी वंदन से सुखबती पांडे को मिला आर्थिक संबल




प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने के साथ–साथ सुकालु राम की पत्नि श्रीमती सुखबती बाई को शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन का लाभ मिल रहा है। श्रीमती सुखबती ने बताया कि उन्हें प्रतिमाह महतारी वंदन की राशि मिल रही है। जिससे उन्हें घर की छोटी–छोटी जरूरतों के खर्चे में सहायता होती है। साथ ही अपने बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी मदद मिल रही हैं। सुकालु राम और श्रीमती सुखबती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पक्का मकान का सपना पूरा हुआ। साथ महतारी वंदन योजना से उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति खनिज परिवहन पर होगी कार्रवाई

जगदलपुर। भूमि सुधार-तालाब निर्माण कार्यों के दौरान निकले गौण खनिज मुरूम, मिट्टी को परिवहन करने हेतु नियमानुसार खनिज विभाग से अनुमति लेकर परिवहन किया जाना है। खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि प्रायः यह देखने को आया है कि निजी भू-स्वामी द्वारा कराये गये भूमि सुधार-तालाब निर्माण इत्यादि कार्यों के दौरान निकले गौण खनिज मुरूम, मिट्टी को परिवहन करने की सहमति एवं ग्राम पंचायत से अनापत्ति लेकर खनिज का परिवहन करना प्रारम्भ कर देते हैं। इस प्रकार कलेक्टर से बिना अनुमति लिए खनिज का परिवहन करना छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 59 का उल्लंघन है। खनिज अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 59 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि पंचायत के पोखरों, तालाबों, कुएँ, जलाशय अथवा अन्य खुदाई कार्यों से प्राप्त होने वाले ऐसे गौण खनिजों को हटाने और उपयोग करने के लिए कलेक्टर (खनिज शाखा) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अग्रिम रायल्टी, डीएमएफ राशि एवं अन्य कर जमा करने के उपरांत गौण खनिज का परिवहन करने की अनुमति दिये जाने का प्रावधान है। यदि बिना अनुमति लिए कोई व्यक्ति खनिज, का परिवहन करते पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

### पेंशनर्स महासंघ ने की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से भेंट




जगदलपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का प्रतिनिधि मंडल संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी के नेतृत्व में गुरुवार को विधायक कार्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं के विधायक किरण सिंह देव से भेंट कर बीते एक वर्ष की सफलतम कार्यकाल के लिए उन्हें संगठन की ओर से बधाई प्रेषित की। महासंघ के लिए कार्यालय के लिए कोई खाली पड़े शासकीय भवन को आबंटन कराने की मांग भी की गई। विधायक ने खाली भवन की जानकारी देने पर तत्काल आबंटन कराने की बात कही। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 (6) के विलोपन बाबत चर्चा भी की गई। इस पर विधायक ने कहा इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात हो गई है अतःइस पर विचार हो रहा है। इस दौरान आरएन ताटी,किशोर कुमार जाधव,शिव प्रसाद मिश्रा,अब्दुल सत्तार खान,एस डी माझी ,मीता मुखर्जी,जयमनी ठाकुर एवं सरोज साहू शामिल थे।

# ढाई लाख दीपों से जगमगाएगा दलपत सागर समेत समूचा शहर

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

- 7 दिसम्बर को होगा दलपत सागर में दीपोत्सव, महापौर ने तैयारियों का लिया जायजा

नगर पालिक निगम के तहत आगामी 7 दिसंबर को दलपत सागर दीपोत्सव की तैयारियां का गुरुवार को महापौर सफीरा साहू एवं आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने दलपत सागर का जायजा लेकर दीपोत्सव के किये जा रहे भव्य तैयारी से अवगत हुए। महापौर ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा करते 7 दिसंबर को दीपोत्सव कार्यक्रम पर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। इस दीपोत्सव कार्यक्रम में शहर की जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने जिसमें इस भव्य आयोजन में शामिल होकर इस दीपोत्सव की भव्यता बना सकें। इस वर्ष दीपोत्सव का चतुर्थ वर्ष है, जिसमें ढ़ाई लाख दीयों को जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दीपोत्सव के संबंध में दलपत सागर की साफ सफाई व्यवस्था



को दुरुस्त करने वही तालाब की लगातार सफाई कराया जा रहा है। आयुक्त श्री निर्भय कुमार साहू ने बताया दलपत सागर की सफाई लगातार जारी रहेगा। साथ ही दीपोत्सव कार्यक्रम में दीयों की व्यवस्था,बाती,तेल,साफ सफाई, विधुत व्यवस्था व आकर्षक लाईटिंग व अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं को पूरी तरह तैयारी को दुरस्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज,उप अभियंता अमन नेताम, प्रवीण पोयाम, हेमंत श्रीवास,व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### दीपोत्सव में प्रत्येक शहरवासी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें

महापौर सफीरा साहू एवं आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने दलपत सागर दीपोत्सव कार्यक्रम में शहरवासियों से इस भव्य आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील किया है। दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक महत्व बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। हम सभी मिलकर दलपत सागर दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में सभी 7 दिसंबर को दीपोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में मिलकर सफल बनायें।

# सड़कों की जांच में आज पहुंचेंगे पीएमजीएसवाय के एसई

हरिभूमि न्यूज : नकुलनार

आज पीएमजीएस के एसई अमित गुलहरे दंतेवाड़ा पीएमजीएस विभाग में बनी सड़को की जांच करने पहुँचेगे। इस विभाग द्वारा बनाई सड़क हिरोली- डोक्कापारा से

- डेढ़ करोड़ की बंदरबांट वाली सड़क हिरोली-डोक्कापारा की होगी जांच



लेकर दर्जनों सड़के विवाद के घेरे में है। जिन्हें लेकर विभाग के सबसे बड़े अधिकारी स्वयं इन संवेदनशील सड़को का विजिट करेंगे। आपको बता दे कि इन्ही सड़को में सबसे विवादित एक सड़क हिरोली- डोक्कापारा है। जोकि ठेकेदार अवधेश गौतम ने बनाई है। इस सड़क पर मिट्टी का एक्सेस पेमेंट लाखो रुपये विभागीय सांठगांठ से निकालने का आरोप चुका है। इस सड़क पर भी अधिकारी पहुँचेगे।

विवादित सड़क विधानसभा के प्रश्नकाल में उठ सकती है

मिली जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा में सड़क निर्माण कार्य मे कांग्रेस कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। इन सड़कों को धन उगाही का केंद्र बनाकर कांग्रेसी नेता ठेकेदार की आड़ में जमकर दोनो हाथों से पैसों को लूटने में कोई कोर कसर नही छोड़ी है।

5 किलोमीटर सड़क पर 35हजार क्यूबिक मीटर मिट्टी हुई थी रिकार्ड दरअसल हिरोली-डोक्कापारा सड़क में विभाग ने महज 5 किलोमीटर सड़क निर्माण में 35 हजार क्यूबिक मीटर मिट्टी रिकार्ड कर दी थी यही से बड़ी गड़बड़ी इस सड़क में उजागर हुई थी। सड़क के ठेकेदार अवधेश गौतम को सीधा विभाग ने इस सड़क पर लाभ पहुँचाने की मंशा से इस तरह का खेल खेला था। जिस पर दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भी विभागीय बैठक में अधिकारियों को फटकार लगाते हुये। इस सड़क की जांच करवाई थी। इसी जांच के आधार पर बड़े अधिकारी सड़क की भौतिक स्थिति जांचने पहुंच रहे हैं

**टीम आ रही**

दंतेवाड़ा कल आने का प्लान है हिरोली-डोक्कापारा सड़क पर जांच के लिये ही आ रही है टीम विजिट और भी सड़को का करेंगे।


अमित गुलहरिया, एसई

# परख परीक्षा में दो हजार 800 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रदर्शन, मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिए ज्ञान का विश्लेषण हेतु निर्धारित राष्ट्रीय मूल्यांकन

- जिले के 114 शालाओं में हुआ परख परीक्षा



सर्वेक्षण परीक्षा परख का आयोजन 4 दिसम्बर को जिले के 114 शालाओं में सम्पन्न हुई। विदित हो कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली परख परीक्षा का उद्देश्य मूल्यांकन प्रणाली को बेहतर बनाते हुए देश के विभिन्न बोर्डों में एक जैसी मूल्यांकन तकनीक लाने के साथ यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूल बोर्डों को एक मंच पर लाने का काम करेगा। परख राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शुरू की गई है जो मुख्यतः बड़े पैमाने पर मूल्यांकन, स्कूल आधारित मूल्यांकन और परीक्षा सुधार जैसे तीन प्रमुख मूल्यांकन क्षेत्रों पर काम करेगी। परख परीक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रत्यक्ष रूप से जिले से स्तर 3, 6, और 9 के लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार, निजी शालाएं एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कुल 114 शालाओं का चयन किया गया था। तीनों स्तर के लिए राज्य सरकार की 49, केंद्र सरकार की 5, निजी क्षेत्र की 43 और अनुदान प्राप्त 17 शालाओं का चयन हुआ था जिसमें हिंदी माध्यम की 77 एवं अंग्रेजी माध्यम की 37 शालाएं हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल एवं जिला मिशन समन्वयक अखिलेश मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के 114 शालाओं में आयोजित परख परीक्षा में सैंपलिंग हेतु कुल 2808 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिनका चयन प्रत्येक शाला में डाइट द्वारा नियुक्त फील्ड इन्वेस्टिगेटर के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किया गया। उन्होंने साथ में यह भी जानकारी दी है कि प्रत्येक शाला में डिस्ट्रिक्ट लेवल कोऑर्डिनेटर सीबीएसई द्वारा आब्जर्वर भी नियुक्त किये गए थे ताकि जिले के 114 शालाओं में निर्विघ्न रूप से परीक्षा सम्पन्न हो सके। जिला प्रशासन की ओर से परख परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा को दी गई थी। बुधवार को सम्पन्न उक्त परीक्षा में 95 प्रतिशत विद्यार्थियों के उपस्थित होने की जानकारी ब्लाकों से प्राप्त हुई है।

# मेकाज की अव्यवस्थाओं को लेकर मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जन अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिका सिंह एवं प्रदेश महासचिव विपिन तिवारी द्वारा बुधवार को बिन्दुवार समस्याओं के प्रति विरोध प्रदर्शित करते हुए समस्याओं का अविलंब निराकरण करने हेतु नव पदस्थ अधिष्ठाता प्रदीप बेक को ज्ञापन सौंपकर बिन्दुवार चर्चा की गयी। जिसमें अधिष्ठाता द्वारा कमियों को स्वीकार किया और समस्याओं को जनवरी 2025 तक पूर्ण कर लिए जाने का आशवासन दिया। समस्या पूर्ति में यदि कोई तकनीकी परेशानी आएगी तो हर परिस्थिति में मार्च 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, इसके लिए बजट आड़े नहीं आएगा। चन्द्रिका सिंह ने ज्ञापन में बताया कि सिटी स्कैन मशीन की सेवाऐं एक लम्बे समय से न दी जाकर मरीजों को रिफर किया जा रहा है। फलस्वरूप मरीजों को नाना प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अल्ट्रा साउण्ड मशीन की सेवाऐं भी मरीजों को समय से प्राप्त नहीं हो पा रही है। लगभग वार्डों में सीपेज की स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान रवि तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती किरण देवांगन प्रदेश सचिव, दशमू राम सेठिया प्रदेश संयुक्त सचिव, शिवा स्वर्णकार संभागीय अध्यक्ष, जयन्त साहू संभागीय उपाध्यक्ष, विनय मण्डल संभागीय उपाध्यक्ष, श्रीमती सुनीता सोरी संभागीय उपाध्यक्ष श्रीराम आदि शामिल रहे।

# संस्कृत सम्पूर्ण देश की सभी भाषाओं की जननी है : राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देश मे भाषाई सौहार्द को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की भारतीय भाषा समिति ने हर वर्ष 11 दिसम्बर को भारतीय

- विदेशियों ने माना भारत के वेदशास्त्र दुनिया की सबसे प्राचीन
- 7 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर में देश की सभी भाषा के विद्वान एक मंच पर होंगे एकत्रित

भाषा दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय,कांगोली में आगामी 7 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी श्री वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष आरबीएस राणा ने दी।




समिति अध्यक्ष व समिति के दो अन्य पदाधिकारी गुरुवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ कार्यालय में पत्रकारो से रूबरू थे। राणा ने प्राचीन काल से ही हमारा देश मे ऋषि मुनियों की तपो भूमि रही,और ऋषि मुनियों ने ही भाषा को लाया। देश के हर प्रांत में विशेष भाषा एक पहचान है जैसे बस्तर में हल्बी, गोंडी, धुरवा, मुरिया बोली है। देश मे हर 10 किमी में भाषा बोली और शैली बदल जाता है। राणा ने कहा वृहद भारत में अनेक विद्वान हुए,जिन्हें अनेक भाषा का ज्ञान है। यह दिवस स्वतंत्रता सेनानी,विभिन्न भाषाओं के विद्वान, पत्रकार समाज सुधारक व तमिल महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर 11 दिसम्बर को मनाया जाता है। संस्कृत हर भाषा की माँ है। प्रेसवार्ता में समिति के संचार प्रमुख निरंजन एवं शिक्षक ईश्वर तिवारी सम्मलित थे।

समिति अध्यक्ष राणा के अनुसार समूचे भारत मे भारतीय भाषा आपस ने बंटे है। महाकवि भारती ने निर्णय लिया है,समूचे देश की सभी भाषाओं को एक मंच में लाने और एक प्रांत की भाषा शैली,संस्कृति को समझने हर वर्ष भाषा दिवस मनाया जाता है।

# डाक विभाग देगा ब्याज का एक लाख व मानसिक कष्ट पर 10 हजार की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में आवेदक को डाक विभाग द्वारा किसान विकास पत्र के ब्याज की राशि एक लाख रुपए तथा मानसिक कष्ट के लिए 10 हजार रूपए देगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेडागुड़ा तहसील तोकापाल निवासी पीयूष कुमार नाग द्वारा अवयस्क होने के कारण अपने परिजनों के माध्यम से 5 लाख रूपए की राशि किसान विकास पत्र प्राप्त करने हेतु डाक विभाग की कोकावाड़ा शाखा में जमा कराए गए थे, इसकी रसीद उसे प्रदान की गई थी। आवेदक के परिजनों द्वारा अनेकों बार डाक विभाग से किसान विकास पत्र की मांग किए जाने पर तथा अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस प्रेषित किए जाने के बाद आवेदक को लंबी अवधि पश्चात किसान विकास पत्र




प्रदान किया गया। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा वाद संरक्षक के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई। इसमें सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक द्वारा डाक विभाग की कोकावाड़ा शाखा में राशि जमा किए जाने के लगभग तीन माह पश्चात किसान विकास पत्र जारी किया गया है। इस अवधि के दौरान 5 लाख रूपए की बड़ी रकम किसके आधिपत्य में रही यह स्पष्ट करने में डाक विभाग असमर्थ रहा है। इसलिए आवेदक जमा की गई रकम पर ब्याज की राशि एवं मानसिक कष्ट हेतु 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी है।

# एकजुट होकर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के लिए करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पहुंचकर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में आगामी नगरीय

- पीसीसी चीफ ने नगरीय निकाय व संविधान रक्षक अभियान को लेकर ली कार्यकर्ताओं की बैठक




निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां, संविधान रक्षक अभियान, किसानों की धान खरीदी सहित संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस के आधार स्तंभ है। पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का बराबर सम्मान है। वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के लिए काम करें। कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। टिकट वितरण से लेकर पूरा चुनाव पारदर्शिता के साथ लड़ना है।वही वर्तमान में राज्य सरकार धान खरीद कर रही है, लेकिन उन्होंने वादा किया था कि 3100 रुपये समर्थन मूल्य में धान खरीदेंगे और 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदेंगे, लेकिन 3100 रुपये में धान खरीद कहीं नहीं खरीदी है। धान खरीद केंद्रों में अलग से अनावरी रिपोर्ट तैयार की गई है। भाजपा सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है। बारदाने की कमी है, बेमौसम बारिश हो रही है। उठाव नहीं हो रहा। सरकार की नीयत साफ नहीं है, बहानेबाजी कर रही है। ताकि किसान कम से कम धान बेच सके। इस तरह का षडयंत्र किसानों के साथ कर रही है।

बैज ने आगे कहा,इसके साथ ही राष्ट्रव्यापीसंविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किया जाना है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा संविधान के निहित मूल्य के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करी है इस कार्यक्रम का मुख्य रूप से संविधान और समानता की लड़ाई, आरक्षण के अधिकारों की रक्षा संविधान की गारंटी,भेदभाव का उन्मूलन-संविधान का मुख्य विषय,गरीबों के संविधान के विरुद्ध पूंजीवादी सरकार और लोकतंत्र व संविधान द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता को बचाने को लेकर व एक दशक से संविधान की नींव को कमजोर व छेड़छाड़ करने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान की रक्षा और इसके सिद्धांतों के प्रति पार्टी के समर्पण ही इसका उद्देश्य है। इस कार्यक्रम के जरिए एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, विमुक्त जनजातियों, महिलाओं, बुजुर्गो और युवाओं, बुजुर्गों हितों को उजागर करना है।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य,पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा,निगम के नेताप्रतिपक्ष उदय नाथ जेम्स, उप नेता प्रतिपक्ष राजेश राय, निगम सभापति कविता साहू, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजविन दास, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, ग्रामीण महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंपा ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसजन, समस्त पार्षदगण, शहर-ग्रामीण, एन एस यू आई शहर-ग्रामीण,सेवादल के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण एवं ब्लाक, बूथ, जोन, सेक्टर सहित विभिन्न प्रकोष्ठ पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### दर्जनभर से अधिक लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

आज राजीव भवन में पीसीसी चीफ दीपक बैज की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों ने कॉंग्रेस की रीतिनीति व दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया,प्रदेश अध्यक्ष बैज ने कॉंग्रेस का गमछा पहनाकर विधिवत कॉंग्रेस प्रवेश कराया। पार्टी प्रवेश करने वाले लोगों में किरण दास, नेहा दास, विनीता कश्यप, रॉक्सन सोमा, रतन सेन, प्रवीण नाग, दीपेश बेंजामिन, सुमित नाथ, कुंजेश नेताम, टीटू, शिल्पा पीटर सहित अन्य शामिल रहे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बस्तर संभाग एवं जगदलपुर शहर में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
91318 93124
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रताप गंजपारा, पुनम होटल, जगदलपुर